**बिहार सरकार**

**डिप्लोमा इन फार्मेसी परीक्षा समिति,**

**स्वास्थ्य विभाग (चि० शि०) बिहार सरकार,**

**कार्यालय - नालंदा मेडिकल कॉलेज परिसर, पटना-26**

**पत्रांक ...53...**

प्रेषक:

डॉ0 मुक्ति नाथ सिंह,
परीक्षा नियंत्रक,
स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना।

सेवा में,

**Chairman,**
S.N.S. College of Pharmacy,
Motihari, East Champran,
Bihar-845401

**पटना, दिनांक ...06/02/2021...**

**विषय :- डी० फार्म Examination Authority से डी० फार्म परीक्षा सत्र 2019-2020 की परीक्षा लेने के लिए Consent Letter के संबंध में।**

**महाशय,**

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि डिप्लोमा इन फार्मेसी परीक्षा में वैसे फार्मेसी संस्थानों में नामांकित छात्रों का निबन्धन किया जाता है तथा डी0 फार्म परीक्षा संचालित करने की अनुमति प्रदान की जाती है जिन फार्मेसी संस्थानों को बिहार सरकार द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद्, नई दिल्ली से प्रथम मान्यता प्राप्त हो तथा फार्मेसी कॉउन्सिल ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली से डी0 फार्म में नामांकन लेने की अनुमति तथा सीट निधारित हो।

आपके द्वारा प्रेषित पत्रांक- SNS/PH/42/2021, दिनांक-27/01/2021 में एस0एन0एस0 कॉलेज ऑफ फार्मेसी, मोतिहारी, पूर्वी चम्पारण, बिहार-845401 को अभातशिप, नई दिल्ली तथा पी0सी0आई0, नई दिल्ली से सत्र 2019-20 के लिए 60 निधारित सीट क्षमता पर मान्यता तथा बिहार सरकार, स्वास्थ्य विभाग के पत्रांक-सं0सं0-17/एफ01-21/2019-114(17), दिनांक-27/01/2021 के द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान की गई है। फार्मेसी कॉउन्सिल ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली की मान्यता एवं राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त अनापत्ति प्रमाण पत्र के आलोक में आपके संस्थान के छात्रों का निबंधन तथा फार्मेसी परीक्षा संचालन के लिए सहमति (Consent) प्रदान की जाती है।

विश्वासभाजन

06/02/21

**डॉ0 मुक्ति नाथ सिंह**
परीक्षा नियंत्रक,
स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना।